अतिथियों ने परम पूज्य माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात केसरिया झंडी दिखाकर 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ का शुभारंभ किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

सतना हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी' : विश्वास सारंग

मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ है। मैराथन में शामिल हजारों धावकों और गुलाबी रंग की छटा ने पूरे नगर को एक अलग स्वरूप प्रदान किया। सतना में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा है और इसी कारण यह आयोजन नगर को 'पिंक सिटी' के रूप में नई पहचान देता नजर आया।

उन्होंने आयोजक डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं।

22 राज्यों और 91 जिलों के धावकों में दिखी लघु भारत की तस्वीर : लखन पटेल

मध्य प्रदेश शासन के आनंद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा कि सतना हाफ मैराथन स्थानीय धावकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। देश के 22 राज्यों और 91 जिलों से आए 5,029 प्रतिभागियों की उपस्थिति अपने आप में विशेष है। यहां अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृति, उत्साह और खेल भावना का संगम देखने को मिला, जो लघु भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र द्वारा आयोजित यह मैराथन स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उन्हें बड़े मंच पर आगे बढ़ने का अवसर देने की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ता है।

खेलों में छिपा है स्वस्थ शरीर का राज : प्रतिमा बागरी

मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक जीवनशैली के लिए खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार कम से कम एक खेल अवश्य अपनाना चाहिए।



उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ, प्रसन्न और सक्रिय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सेवा न्यास की पूरी टीम को बधाई दी।

सतना हाफ मैराथन प्रतिवर्ष आयोजित होनी चाहिए : कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस.

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन जैसे आयोजन प्रतिवर्ष होने चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आए धावकों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ भाग लेकर आयोजन को यादगार बनाया है। इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता सतना के लिए गौरव की बात है। ऐसे आयोजन शहर में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करते हैं।

डॉ. राकेश मिश्र के आयोजन से सतना की मिली नई पहचान : महापौर योगेश ताम्रकार

सतना के महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की सामाजिक सेवा और आयोजन क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतना की पहचान मैहर, चित्रकूट और मुकुंदपुर जैसे प्रमुख स्थलों के माध्यम से रही है, लेकिन सतना हाफ मैराथन जैसे बड़े आयोजन नगर को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आयोजन की भव्यता और व्यापक जनभागीदारी सतना की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करती है। खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक सहभागिता को एक मंच पर लाने वाला यह प्रयास सराहनीय है। जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया।

श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी पर महिलाओं की विशेष भागीदारी

श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह को समर्पित इस मैराथन में लगभग 2,500 महिलाओं ने भाग लेकर आयोजन को विशेष पहचान दी। विभिन्न आयु वर्गों की महिला धावकों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। उनकी भागीदारी ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों में महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है।

महिलाओं की बड़ी संख्या ने आयोजन को नारी शक्ति, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक बनाया। मैराथन के माध्यम से नागरिकों को नियमित व्यायाम अपनाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा मिली।

सतना नगरवासियों ने किया धावकों का भव्य स्वागत-सत्कार

देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से आए धावकों का सतना नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत-सत्कार किया। मैराथन मार्ग पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और खेल प्रेमियों ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, तालियों और उत्साहवर्धन के बीच धावकों का स्वागत किया गया।

पूरे मार्ग पर पेयजल और एनर्जी ड्रिंक की व्यवस्था की गई। मेडिकल वाहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से प्रतिभागियों की सहायता का प्रबंध किया गया। आयोजन से जुड़े बैनरों और गुलाबी सजावट ने शहर को उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। बाहर से आए खिलाड़ियों ने सतना की आत्मीयता और आतिथ्य का अनुभव किया।

एसडीएम राहुल सलाडिया ने पूरी की 10 किलोमीटर की दौड़

मैराथन की विशेष उपलब्धियों में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सतना नगर के एसडीएम श्री राहुल सलाडिया ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने भी 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए 40 मिनट में दौड़ पूरी की। अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की इस सहभागिता ने धावकों का उत्साह बढ़ाया और नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया।

भव्य समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान



मैराथन के समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए श्री जुगल कयाल और श्री राजेश गर्ग सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सेवा न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अवस्थी, श्रीमती प्रमिला मिश्र और एडवोकेट श्री संकल्प मिश्र ने अतिथियों के साथ विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को अंगवस्त्र, प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत कपड़े का थैला, की-रिंग, कलम, दुलैभ श्री यंत्र तथा निर्धारित नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

21 किलोमीटर हाफ मैराथन के विजेता

18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में भोपाल की फूलन पाल ने 1:22:00.71 के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाराणसी की खुशबू पटेल, प्रयागराज की रेशम और सुलोचना तथा मुंबई की प्रतिभा सुभाष चोरमले ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

इसी आयु वर्ग के पुरुषों में महाराष्ट्र के पालघर के निलेश दगड़ू ने 1:06:58.86 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा के रेवाड़ी के हुकुम, पानीपत के विपिन सिंह, मध्य प्रदेश के रीवा के पंकज पटेल, उत्तर प्रदेश के बागपत के मोहित कुमार और प्रयागराज के रजीत कुमार विजेता सूची में शामिल रहे।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में दिल्ली की सीमा करन और महाराष्ट्र के नागपुर की विद्या दापोदकर ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हरियाणा के पानीपत के सुंदर पाल, महाराष्ट्र के अहमदनगर के सावलेराम शिंदे, बिहार के मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार राय, मध्य प्रदेश के छतरपुर के नवीन पटेरिया तथा दिल्ली के अंजनी कुमार और तीरथ प्रसाद पटेल ने स्थान प्राप्त किया।

10 किलोमीटर युवा दौड़ के विजेता

12 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में मध्य प्रदेश के जबलपुर की रामनी पटेल ने 00:39:04.12 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिम्पल सिंह दूसरे, महाराष्ट्र के पालघर की दीक्षा संदीप जाधव तीसरे और प्रयागराज की हर्षिता चौथे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश के बैतूल की प्रिया पाल और निहारिका सिंह चौहान ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही के अजय कुमार बिंद ने 00:30:52.57 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के छतरपुर के कुलदीप, हरियाणा के सोनीपत के सुमित, मध्य प्रदेश के जबलपुर के अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश के हापुड़ के दीपक सिंह और मध्य प्रदेश के मुरैना के अमन तोमर ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में महाराष्ट्र के नागपुर की शोभा यादव, बांदा की प्रमिला लक्कानो, नागपुर की सुनीता सूर्यवंशी और जबलपुर की विनीता शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में नागपुर के मोद बाजीराव उरकुडे प्रथम रहे। सतना के घनश्याम गुप्ता, रोहित अग्रवाल, राजेश खुबचंदानी और सुनील तोलवानी ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

5 किलोमीटर अमृत दौड़ के विजेता

महिला वर्ग में सतना की ज्योत्सना सिंह ने 00:17:27.07 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के बलिया की संध्या यादव दूसरे और महाराष्ट्र के ठाणे की तनया अमित धूमक तीसरे स्थान पर रहीं। सतना की माधवी पाल, रेणु केवट और स्वाती पांडे ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

पुरुष वर्ग में सतना के अरुण कुमार विश्वकर्मा ने 00:15:04.88 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के राजवीर, अलीगढ़ के कृष्ण कुमार, हाथरस के पवन पोनिया, मध्य प्रदेश के सागर के शनि जापति और उत्तर प्रदेश के रामपुर के रवि यादव विजेता सूची में शामिल रहे।

खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता का संदेश

सतना हाफ मैराथन 2026 ने खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। 22 राज्यों के 5,029 धावकों की भागीदारी, लगभग 1,500 महिलाओं की उपस्थिति, सतना नगरवासियों का स्वागत-सत्कार और प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस प्रयास ने सतना में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने, युवाओं को फिटनेस के लिए प्रेरित करने और नगर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी को समर्पित यह आयोजन खेल, सेवा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता के संदेश के साथ यादगार बना।

पिंक सिटी के रंग में रंगा सतना, हाफ मैराथन में 22 राज्यों के 5,029 धावक शामिल खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में दिखा उत्साह फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश





मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। शहर में रविवार की सुबह फिटनेस, उत्साह और खेल भावना का अनूठा नजारा देखने को मिला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के 22 राज्यों से पहुंचे 5,029 धावकों ने हिस्सा लिया। 5, 10 और 21 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया देश के अलग-अलग राज्यों से धावकों की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक पहचान दिलाई।

खेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी: मैराथन का शुभारंभ व्यंकट-1 स्कूल परिसर से हुआ मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया इस दौरान आयोजन स्थल पर उत्साह का माहौल रहा सुबह से ही धावकों और खेल प्रेमियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। प्रतिभागियों ने निर्धारित दूरी की दौड़ में हिस्सा लेकर अपनी शारीरिक क्षमता, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया आयोजन का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की मौजूदगी ने सतना में खेल गतिविधियों के प्रति बढ़ते आकर्षण को भी प्रदर्शित किया।

सतना को बताया 'पिंक सिटी': कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सतना को पिंक सिटी की संज्ञा देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मकता और एकता की भावना को मजबूत करते हैं उन्होंने कहा कि मैराथन जैसे कार्यक्रम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं खेल और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकते हैं।

22 राज्यों के धावकों ने लिया हिस्सा: सतना हाफ मैराथन-2026 में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई इसमें देश के 22 राज्यों से आए कुल 5,029 धावकों ने भाग लिया विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई मैराथन के माध्यम से फिटनेस के साथ अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच का संदेश भी प्रसारित हुआ।

सुरक्षा के लिए तैनात रहे पुलिसकर्मी और वालंटियर्स: मैराथन के पूरे मार्ग पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तथा वालंटियर्स तैनात किए गए थे आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने और धावकों की आवाजाही सुचारु रखने पर ध्यान दिया गया सतना हाफ मैराथन में बड़ी संख्या में धावकों की भागीदारी ने शहर में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया आयोजन से शहरवासियों में भी उत्साह देखने को मिला और सतना को खेल एवं फिटनेस के क्षेत्र में नई पहचान मिली।

हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी

22 राज्यों के 5,029 धावकों ने दिखाया दम









कीर्ति क्रांति सतना. श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 का सातवां संस्करण रविवार को अभूतपूर्व उत्साह, जनभागीदारी और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के खेल मैदान से आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 91 जिलों से आए कुल 5,029 धावकों ने हिस्सा लिया। इनमें लगभग 2,500 महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।पूरे शहर में सूरज की पहली किरण के साथ गुलाबी रंग की छटा, धावकों का उत्साह, नागरिकों की सहभागिता और जगह-जगह हुए स्वागत-सत्कार ने सतना को उत्सव के नगर में बदल दिया। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर युवा दौड़ और 5 किलोमीटर अमृत दौड़ के माध्यम से खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस, सामाजिक समरसता और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

केसरिया झंडी दिखाकर हुआ मैराथन का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में मध्य प्रदेश शासन के आनंद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष संजीव कांकर, सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, कलेक्टर सतीश कुमार एस, विजय यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे, बिरला विकास हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, सार्थक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुनील अग्रवाल, सतीश सुखेजा तथा चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार उपस्थित रहे।

नगरवासियों ने किया धावकों का भव्य स्वागत-सत्कार

देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से आए धावकों का सतना नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत-सत्कार किया। मैराथन मार्ग पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और खेल प्रेमियों ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, तालियों और उत्साहवर्धन के बीच धावकों का स्वागत किया गया।

पेयजल और एनर्जी ड्रिंक की रही व्यवस्था

मेडिकल वाहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से प्रतिभागियों की सहायता का प्रबंध किया गया। आयोजन से जुड़े बैनरों और गुलाबी सजावट ने शहर को उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। बाहर से आए खिलाड़ियों ने सतना की आत्मीयता और आतिथ्य का अनुभव किया।

एसडीएम राहुल सलाडिया ने पूरी की 10 किलोमीटर की दौड़

मैराथन की विशेष उपलब्धियों में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सतना नगर के एसडीएम राहुल सलाडिया ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

5 किलोमीटर की दौड़ 40 मिनट में पूर्ण

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने भी 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए 40 मिनट में दौड़ पूरी की। अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की इस सहभागिता ने धावकों का उत्साह बढ़ाया और नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया।

भव्य समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान

मैराथन के समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए जुगल कयाल और राजेश गर्ग सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।सेवा न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अवस्थी, श्रीमती प्रमिला मिश्र और एडवोकेट श संकल्प मिश्र ने अतिथियों के साथ विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को अंगवस्त्र, प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत कपड़े का थैला, की-रिंग, कलम, दुर्लभ श्री यंत्र तथा निर्धारित नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

अल्पाहार करते हुए समापन की घोषणा श्री शिव कुमार वर्मा द्वारा की गयी।

जीत दर्ज की उनके प्रदर्शन पर सभी दिग्गजों ने उनकी सराहना की।

जिन्होंने समागत्या प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

अल्प दिया, वहबालिकाओं के शानदार प्रदर्शन पर प्रतिभागी मा विशेष आकर्षण रहा।

सतना हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी 22 राज्यों के 5,029 धावकों ने दिखाया दम

अरुण गर्गचीफ ब्यूरो सुदर्शन टुडेन्यूज। सतना मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण अर्थात उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ है। मैराथन में शामिल हजारों धावकों और गुलाबी रंग की छटा ने पूरे नगर को एक अलग स्वरूप प्रदान किया। सतना में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा है और इसी कारण यह आयोजन नगर को 'पिंक सिटी' के रूप में नई पहचान देता नजर आया। उन्होंने आयोजक डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं। डॉ. राकेश मिश्र के आयोजन से सतना को मिली नई पहचान - महापौर योगेश ताम्रकार महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की सामाजिक सेवा और आयोजन क्षमता की सराहना की। उन्होंनेकहा कि सतना की पहचान मैहर, चित्रकूट और मुकुंदपुर जैसे प्रमुख स्थलों के माध्यम से रही है, लेकिन सतना हाफ मैराथन जैसे बड़े आयोजन नगर को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भव्य समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान मैराथन के समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए जुगल कयाल और राजेश गर्ग सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन के विजेता 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में भोपाल की फूलन पाल ने 1-22-00.71 के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंदनगर्ग की खुशबू पटेल, प्रयागराज की रेशम और सुलोचना तथा मुंबई की प्रतिभा सुभाष चोरमले ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में महाराष्ट्र के पालघर के निलेश दगडू ने 1-26-58.86 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। हरियाणा के रेवाड़ी के हुकुम, पानीपत के विपिन सिंह, मध्य प्रदेश के रीवा के पंकज पटेल, उत्तर प्रदेश के बागपत के मेहित कुमार और प्रयागराज के रंजीत कुमार विजेता सूची में शामिल रहे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में दिल्ली की सीमा करन और महाराष्ट्र के नागपुर की विद्या दशोदकर ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हरियाणा के पानीपत के सुंदर पाल, महाराष्ट्र के अहमदनगर के सावलेराम हिरे, बिहार के मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार राय, मध्य प्रदेश के छतरपुर के नवीन पटेरिया तथा दिल्ली के अंजनी कुमार और तीरथ प्रसाद पटेल ने स्थान प्राप्त किया। 10 किलोमीटर युवा दौड़ के विजेता 12 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में मध्य प्रदेश के जबलपुर की रुमनी पटेल ने 00-39-04.12 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिम्पल सिंह दूसरे, महाराष्ट्र के पालघर की दीक्षा संदीप जाधव तीसरे और प्रयागराज की हर्षिता चौथे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश के बैतूल की प्रिया पाल और निहारिका सिंह चौहान ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही के अजय कुमार बिंद ने 00-30-52.57 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के छतरपुर के कुलदीप, हरियाणा के सोनीपत के सुमित, मध्य प्रदेश के जबलपुर के अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश के हापुड़ के दीपक सिंह और मध्य प्रदेश के मुंबई के अमन तोमर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में महाराष्ट्र के नागपुर की लीला यादव, वांद्रा की प्रमिला लबकाने, नागपुर की सुनीता सूर्यवंशी और जबलपुर की विनीता शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में नागपुर के मोद बाजीराव उरकुडे प्रथम रहे। सतना के घनश्याम पुरा, रोहित अग्रवाल, राजेश खुबचंदानी और सुनील लोलवानी ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। 5 किलोमीटर अमृत दौड़ के विजेता महिला वर्ग में सतना की ज्योत्सना सिंह ने 00-17-27.07 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के बलिया की संध्या यादव दूसरे और महाराष्ट्र के ठाणे की तनया अमित धुमक तीसरे स्थान पर रहीं। सतना की माधवीपाल, रेणु कंवट और स्वाती पांडेने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। *पुरुष वर्ग में सतना के अरुण कुमार सिंधकर्मी ने 00-15-04.88 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के राजवीर, अलीगढ़ के कृष्ण कुमार, हाथरस के पवन पचौरिया, मध्य प्रदेश के सागर के शनि जाधवि और उत्तर प्रदेश के रामपुर के रवि यादव विजेता सूची में शामिल रहे। खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता का संदेश सतना हाफ मैराथन 2026 ने खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रैय एकता का संदेश दिया। 22 राज्यों के 5,029 धावकों की भागीदारी, लगभग 1,500 महिलाओं की उपस्थिति, सतना नगरवासियों का स्वागत-सत्कार और प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।





अल्पाहार करते हुए समापन की घोषणा श्री शिव कुमार वरकड़ द्वारा किया गया।

सतना हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी 22 राज्यों के 5,029 धावकों ने दिखाया दम

अरुण गर्गचीफ ब्यूरो सुदर्शन टुडे न्यूज। सतना मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन का सातवाँ संस्करण अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ है। मैराथन में शामिल हजारों धावकों और गुलाबी रंग की छटा ने पूरे नगर को एक अलग स्वरूप प्रदान किया। सतना में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा है और इसी कारण यह आयोजन नगर को 'पिंक सिटी' के रूप में नई पहचान देता नजर आया। उन्होंने आयोजक डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं। डॉ. राकेश मिश्र के आयोजन से सतना को मिली नई पहचान – महापौर योगेश ताम्रकार महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की सामाजिक सेवा और आयोजन क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतना की पहचान मैहर, चित्रकूट और मुकुंदपुर जैसे प्रमुख स्थलों के माध्यम से रही है, लेकिन सतना हाफ मैराथन जैसे बड़े आयोजन नगर को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भव्य समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान मैराथन के समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए जुगल किशोर और राजेश गर्ग सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन के विजेता 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में भोपाल की फूलन पटेल ने 1:22:00.71 के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाराणसी की खुशबू पटेल, प्रयागराज की रेशम और सुलोचना तथा मुंबई की प्रतिभा सुभाष चोरमले ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में महाराष्ट्र के पालघर के निलेश दगड़े ने 1:06:58.86 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा के रेवाड़ी के हुकुम, पानीपत के विपिन सिंह, मध्य प्रदेश के रीवा के पंकज पटेल, उत्तर प्रदेश के बागपत के मोहित कुमार और प्रयागराज के रंजीत कुमार विजेता सूची में शामिल रहे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में दिल्ली की सीमा करन और महाराष्ट्र के नागपुर की विद्या दहोदकर ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हरियाणा के पानीपत के सुंदर पाल, महाराष्ट्र के अहमदनगर के साबलेराम हिरे, बिहार के मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार राय, मध्य प्रदेश के छतरपुर के नवीन पटेरिया तथा दिल्ली के अंजनी कुमार और तरुण प्रसाद पटेल ने स्थान प्राप्त किया। 10 किलोमीटर युवा दौड़ के विजेता 12 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में मध्य प्रदेश के जबलपुर की रामवी पटेल ने 00:39:04.12 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिम्पल सिंह दूसरे, महाराष्ट्र के पालघर की दीक्षा संतोष जाधव तीसरे और प्रयागराज की हर्षिता चौथे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश के बैतूल की प्रिया पाल और निहारिका सिंह चौहान ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही के अजय कुमार बिंद ने 00:30:52.57 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के छतरपुर के कुलदीप, हरियाणा के सोनीपत के सुमित, मध्य प्रदेश के जबलपुर के अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश के हापुड़ के दीपक सिंह और मध्य प्रदेश के मुरैना के अमन तोमर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में महाराष्ट्र के नागपुर की शोभा यादव, वर्धा की प्रमिला लबकाने, नागपुर की सुनीता सूर्यवंशी और जबलपुर की विनीता शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में नागपुर के मोद बाजीराव उलकुडे प्रथम रहे। सतना के घनश्याम पुरा, रोहित आबाल, राजेश खुबचंदानी और सुनील तोलवानी ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। 5 किलोमीटर अमृत दौड़ के विजेता महिला वर्ग में सतना की ज्योत्सना सिंह ने 00:17:27.07 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के बलिया की संध्या यादव दूसरे और महाराष्ट्र के ठाणे की तनया अमित धूमक तीसरे स्थान पर रहीं। सतना की माधवीपाल, रेणु केवट और सरस्वती पांडे ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। *पुरुष वर्ग में सतना के अरुण कुमार विश्वकर्मा ने 00:15:04.88 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के राजवीर, असीगढ़ के कृष्ण कुमार, हाथरस के पवन पोनिया, मध्य प्रदेश के सागर के शनि जापति और उत्तर प्रदेश के रामपुर के रवि यादव विजेता सूची में शामिल रहे। खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता का संदेश सतना हाफ मैराथन 2026 ने खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। 22 राज्यों के 5,029 धावकों की भागीदारी, लगभग 1,500 महिलाओं की उपस्थिति, सतना नगरवासियों का स्वागत-सत्कार और प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।





[मैराथन] 22 राज्यों के 5029 धावकों ने 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में लिया हिस्सा

सतना की सड़कें बनी फिटनेस के जुनून व खेल भावना की गवाह





■ हाफ मैराथन-2026 का सप्तम संस्करण उत्साहपूर्वक आयोजित

स्वदेश संवाददाता ■ सतना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के ग्राउंड में पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 के सप्तम संस्करण का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों जनप्रतिनिधियों एवं खेल प्रेमियों ने सहभागिता की। हाफ मैराथन में हिस्सा लेने वाले सफल प्रति भागियों को बाद में पुरस्कृत किया गया। सतना की सड़कें रविवार सुबह फिटनेस के जुनून और खेल भावना की गवाह बनी। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के 22 राज्यों के 5029 धावकों ने 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। सुबह 6 बजे व्यंकट-1 स्कूल के मैदान में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

लगाई दौड़, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

धावकों के लिए सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे रूट में सड़क के दोनों तरफ पुलिस के जवान और निजी वालेंटियर मौजूद रहे। 5 किलोमीटर की दौड़ आयोजन स्थल से सर्किट हाउस चौक, 10 किमी की दौड़ कोलगवां थाना के सामने और 21 किमी के धावकों ने माधवगढ़ तक दौड़ लगाई और वापस आयोजन स्थल तक लौटे।

इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, आनंद विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, संजीव कंकर, महापौर योगेश ताम्रकार, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय तथा कार्यक्रम के आयोजक एवं न्यास के अध्यक्ष राकेश मिश्रा, फिटनेस, उत्साह और खेल भावना का अनूठा नजारा देखने को मिला। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के धावकों ने 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौरान ताम्रकार समाज ने महापौर योगेश कुमार ताम्रकार के मार्गदर्शन में धावकों का स्वागत किया तथा उन्हें एनर्जी ड्रिंक और मिनरल वाटर उपलब्ध कराकर सेवा कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में ताम्रकार समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समाज के सदस्यों ने धावकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पैयजल एवं एनर्जी ड्रिंक उपलब्ध कराई, ताकि प्रतिभागियों को दौड़ के दौरान ऊर्जा और राहत मिल सके। समाज कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय तथा कार्यक्रम के आयोजक एवं न्यास के अध्यक्ष राकेश मिश्रा, मणिकांत महेश्वरी, हैहयवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश सचिव प्रदीप ताम्रकार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल ताम्रकार (मौसम), सतना समाज की इस पहल ने खेल आयोजन में सहभागिता के साथ-साथ सामाजिक सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को भी मजबूत किया।

सतना को दिया पिंक सिटी का नाम

फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप आयोजित इस मैराथन में मंत्री विश्वास सारंग ने सतना को पिंक सिटी नाम दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।

एसडीएम ने पूरी की 10 किलोमीटर की दौड़

मैराथन की विशेष उपलब्धियों में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सतना नगर के एसडीएम राहुल सलाड़िया ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

ताम्रकार समाज ने संभाली सेवा की कमान



अध्यक्ष माधव ताम्रकार सहित शक्ति ताम्रकार, राजेंद्र, रोहित, धीरेन्द्र, निलय, पुष्कर, अभिषेक, शंकर, ओम सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अपहरण मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी अजमेर जयंती शोभा यात्रा का

3 सतना स्टार
स्टार समाचार
सोमवार, 26 अक्टूबर 2026
www.starsamachar.com



गुलाबी रंग में रंगा सतना, 22 राज्यों के 5029 धावकों ने भरी हुंकार

» सातवें सतना हाफ मैराथन में देशभर के धावकों का जमावड़ा, सड़कें बनीं उत्साह का मैदान

» महाराष्ट्र के निलेश और भोपाल की फूलन पाल ने 21 किलोमीटर दौड़ में बाजी मारी

स्टार समाचार | सतना

सुबह का माहौल, सड़कों पर दौड़ते हजारों कदम, स्वागत में बरसते फूल और तालियों से बढ़ता धावकों का उत्साह। रविवार को सतना में आयोजित सातवें हाफ मैराथन ने शहर को गुलाबी रंग में रंग दिया। श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा आयोजित इस आयोजन में 22 राज्यों के 91 जिलों से आए 5029 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अलग-अलग क्षेत्रों से आए धावकों की भीड़ुगी ने आयोजन स्थल पर लघु भारत की तस्वीर साकार कर दी। रजिस्ट्रेशन काउंटर क्रमांक-1 से [illegible] आयोजन [illegible] शासन [illegible] मंत्री [illegible] के [illegible]



अतिथियों ने स्व. शांति मिश्रा 'माताजी' के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद केसरिया झंडी दिखाकर 21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ को रवाना किया गया। दौड़ शुरू होते ही खिलाड़ियों का उत्साह देखते बना। मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और खेल प्रेमियों ने पुष्पवर्षा कर धावकों [illegible] स्वागत किया। पेयजल और [illegible] ऐन की व्यवस्था के साथ [illegible] जो गूंज ने प्रतिभागियों का [illegible] बढ़ाया।



सारंग बोले-सतना को मिला गुलाबी उत्सव का नजारा

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हाफ मैराथन का सातवां संस्करण शहर ने खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह का प्रमाण है। हजारों खिलाड़ियों की भागीदारी और गुलाबी रंग में रंगे आयोजन का दृश्य आकर्षक है। डॉ. राकेश मिश्र के प्रयास युवाओं को खेलों से जोड़ने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

22 राज्यों की भागीदारी में दिखा लघु भारत : लखन पटेल

आनंद विभाग के मंत्री लखन पटेल ने कहा कि सतना हाफ मैराथन स्थानीय धावकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही है। 22 राज्यों से आए 5029 प्रतिभागियों की भीड़ुगी ने यहां लघु भारत का नजारा प्रस्तुत किया। ऐसे आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं : प्रतिमा बागरी

समापन समारोह की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में किसी न किसी खेल को अपनाना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में डॉ. राकेश मिश्र के सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए रीवा न्यास की टीम को बधाई दी।

हर साल हो मैराथन : कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सतना हाफ मैराथन प्रतिवर्ष आयोजित होनी चाहिए। ऐसे आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना का संचार करते हैं। उन्होंने उत्साह के साथ भाग लेने वाले धावकों की सराहना की।

मैराथन से सतना की नई पहचान : महापौर

महापौर योगेश कुमार साहबान ने कहा कि सतना की पहचान पहले पैहर, विंध्यकूट और मुकुंदपुर जैसे पर्यटन स्थलों से रही है। अब हाफ मैराथन जैसी बड़े आयोजन भी शहर को नई पहचान दिला रहे हैं। महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और महिला सशक्तीकरण का संदेश भी दिया।

छह धावकों ने हासिल किए प्रथम स्थान

21, 10 और 5 किलोमीटर दौड़ के विजेता

वर्ग	पुरुष वर्ग	महिला वर्ग
21 किलोमीटर	निलेश, धानधर, महाराष्ट्र।	फूलन पाल, भोपाल।
10 किलोमीटर	अजय कुमार, भदौही, उप्र।	शोभा यादव, नागपुर, महाराष्ट्र।
5 किलोमीटर	अरुण कुमार विश्वकर्मा, सतना।	ओसाना, सतना।

स्थानीय से लेकर देश के कोने-कोने से आए अतिथि

समापन समारोह में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, दीनदयाल शोध संस्थान के सगठन सचिव अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए जुगल कवाल और राजेश गर्ग उपस्थित रहे। सेवा न्यास की सचिव आशा राय, कोषाध्यक्ष रेखा अवस्थी, प्रमिता मिश्र और संकल्प मिश्र सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को अंगवस्त्र, कपड़े के पैसे, की-रिंग, कलश, तुर्तल श्री यंत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया। आयोजन में बिरला विकास हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, सार्थक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ [illegible] उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश पाहन [illegible] बरुआ, गोधाप्रदेश रेटर [illegible] धाकर, भाजपा जिलाध्य [illegible] सुरेंद्र सिंह गहरवार [illegible]

City भास्कर
bhaskarhindi.com
सतना, सोमवार 26 अक्टूबर 2026 9



पिंक रनर्स ने दिया फिट इंडिया का संदेश

7वीं सतना हाफ मैराथन में 22 राज्यों के 5029 धावकों ने बनाई 'लघु भारत' की तस्वीर

सिटी रिपोर्टर . सतना

सतना की सड़कों पर रविवार की सुबह जिद, जोश और जुनून का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सातवीं सतना हाफ मैराथन में देश के 22 राज्यों और 91 जिलों से पहुंचे 5029 धावकों ने हिस्सा लेकर शहर में 'लघु भारत' की तस्वीर साकार कर दी। शौकिया और पेशेवर धावकों के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। दौड़ मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने तालियों और पुष्पवर्षा से धावकों का उत्साह बढ़ाया। गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन ने सतना को खेल, एकता और सकारात्मक ऊर्जा के रंग में रंग दिया। गुलाबी रंग में धावकों ने इस दौड़ के माध्यम से फिट इंडिया का संदेश भी दिया। इस दौड़ प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 21 किलोमीटर में महाराष्ट्र पालघर के निलेश, 10 किलोमीटर में उत्तर प्रदेश धटोहो के अजय कुमार, 5 किलोमीटर में सतना के अरुण कुमार विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से महिला वर्ग में 21 किलोमीटर भोपाल की फूलन पाल, 10 किलोमीटर में महाराष्ट्र नागपुर की शोभा यादव, 5 किलोमीटर में सतना की ज्योत्सना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।





प्रमोद बाजीराव | शोभा यादव | अरुण विश्वकर्मा | अजय कुमार

धवारी से कृपालपुर तक दिखा उत्साह

मैराथन का मार्ग शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान से शुरू होकर धवारी चौराहा, सिविल लाइन, सर्किट हाउस, सेमरिया चौराहा और उतैली होते हुए कृपालपुर गेट तक पहुंचा। इसके बाद धावक वापस व्यंकट क्रमांक-1 के मैदान पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे और डॉ. सुनीता गोदारा ने केसरिया झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

प्रो. घनश्याम गुप्ता को दूसरा स्थान

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के 65 वर्षीय प्रोफेसर घनश्याम गुप्ता ने 10 किलोमिटर की युवा हाफ मैराथन दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि जज्बे की कोई उम्र नहीं होती।

विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

समापन अवसर में अतिथि के रूप में मौजूद राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, कलेक्टर सतीष कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, एसडीएम राहुल सिलावटिया, डीईओ सोनाली शर्मा फिल्म अभिनेता युवराज कुमार ने प्रतिभागियों का सम्मान पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया।

5 किमी - पुरुष वर्ग
प्रथम अरूण विश्वकर्मा
द्वितीय राजवीर
तृतीय कृष्ण कुमार

5 किमी महिला वर्ग
प्रथम ज्योत्सना सिंह
द्वितीय संध्या यादव
तृतीय तन्या अमित देशमुख

10 किमी महिला वर्ग
प्रथम रामनी पटेल
द्वितीय डिंपल सिंह
तृतीय दीक्षा यादव

10 किमी पुरुष वर्ग
प्रथम अजय कुमार
द्वितीय कुलदीप
तृतीय सुमीत

10 किमी महिला वर्ग - 45 वर्ष से अधिक
प्रथम सोभा यादव
द्वितीय प्रमिला
तृतीय सुनीता सूर्यवंशी

10 किमी पुरुष वर्ग 45 वर्ष से अधिक
प्रथम प्रमोद बाजीराव
द्वितीय घनश्याम गुप्ता
तृतीय रोहित अग्रवाल

21 किमी महिला वर्ग 18 से 45 वर्ष
प्रथम फूलन पाल
द्वितीय खुशबू पटेल
तृतीय रेशमा

21 किमी पुरुष वर्ग 18 से 45 वर्ष
प्रथम नीलेश
द्वितीय हुकुम रिमाडी
तृतीय विपिन सिंह

21 किमी पुरुष वर्ग 45 वर्ष से अधिक
प्रथम सुन्दरपाल
द्वितीय स्केल रामजी
तृतीय अनिल कुमार

21 किमी महिला वर्ग 45 वर्ष से अधिक
प्रथम सीमा करन जीत
द्वितीय विद्या

» न्यूज कैप्सूल »

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की 81वीं जयंती पर भोपाल में होगा भव्य गुरु वंदना महोत्सव, दमोह के वीरेश सेठ को मिलेगा समाज रत्न सम्मान

भोपाल। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की 81वीं जयंती के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भव्य गुरु वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को रविन्द्र भवन स्थित हंस ध्यानि सभागार में आयोजित इस महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आचार्यश्री के आदर्शों एवं उनके प्रेरणादायी जीवन का स्मरण किया जाएगा। आयोजन के दौरान विभिन्न जैन मंदिरों की टीमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगी। इसके साथ ही समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को समाज रत्न एवं समाजसेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के सूत्रधार एवं पत्रकार रवीन्द्र जैन ने बताया कि रविन्द्र भवन में पिछले 22 वर्षों से गुरु वंदना महोत्सव का

श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी को समर्पित सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण संपन्न

5,029 धावकों के जोश से 'पिंक सिटी' बना सतना, हाफ मैराथन में दिखी पूरे देश की एकता

91 जिलों के प्रतिभागियों ने 21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ में दिखाया दम; खेल मंत्री विश्वास सारंग बोले—मैराथन ने सतना को उत्सव का नगर बनाया

सतना। श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह को समर्पित सतना हाफ मैराथन 2026 का सातवां संस्करण रविवार को उत्साह, जनभागीदारी और खेल भावना के बीच संपन्न हुआ। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों और 91 जिलों से आए कुल 5,029 धावकों ने भाग लिया। लगभग 2,500 महिलाओं की सहभागिता आयोजन का विशेष आकर्षण रही।

सुबह की पहली किरण के साथ गुलाबी रंग की छटा, धावकों का उत्साह और शहरवासियों के स्वागत-सत्कार ने सतना को उत्सव के नगर में बदल दिया। प्रतियोगिता में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर की युवा दौड़ और 5 किलोमीटर की अमृत दौड़ आयोजित की गई। आयोजन के





माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

केसरिया झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ

मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में मैराथन का शुभारंभ हुआ। आनंद विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करने के बाद केसरिया झंडी दिखाकर तीनों दौड़ों को रवाना किया।

सतना को मिली नई पहचान

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हजारों धावकों की भागीदारी और गुलाबी रंग की छटा ने सतना को 'पिंक सिटी' के रूप में नई पहचान दी है। ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।

राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि 22 राज्यों और 91 जिलों के प्रतिभागियों की मौजूदगी में लघु भारत की तस्वीर दिखाई दी। वहीं राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्वस्थ जीवन के लिए खेलों को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

हर साल आयोजन की जरूरत पर जोर

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. ने मैराथन को प्रतिवर्ष आयोजित करने की आवश्यकता बताई। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र के प्रयासों से सतना को नई पहचान मिल रही है। आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। एसडीएम राहुल सलाडिया ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी की।

विजेताओं का हुआ सम्मान

समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन की महिला श्रेणी में भोपाल की फूलन पाल ने 1:22:00.71 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के पालघर के निलेश दाडू 1:06:58.86 के समय के साथ प्रथम रहे।

10 किलोमीटर युवा दौड़ में महिला वर्ग में जबलपुर की रामनी पटेल और पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही के अजय कुमार बिंद ने पहला स्थान हासिल किया। पांच किलोमीटर अमृत दौड़ में महिला वर्ग में सतना की ज्योत्सना सिंह और पुरुष वर्ग में सतना के अरुण कुमार पी भक्तजनों विजेता बने। मैराथन ने खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता को एक मंच पर लाते हुए सतना में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्र. 173/15-17 5 फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप: भारत ने जीत के साथ किया.... सम्पादकीय चीन की दोहरी चाल एलाइसी पर तनाव एक बार फिर निडर मुंबई इंडियंस देखने को मिलेगी..... 5

वर्ष 20 ● अंक 245 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

सतना हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी', 22 राज्यों के 5,029 धावकों ने दिखाया दम

- श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी को समर्पित सातवें संस्करण में 91 जिलों के धावकों ने लिया हिस्सा; लगभग 2,500 महिलाओं की भागीदारी रही विशेष आकर्षण

- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग बोले मैराथन ने सतना को बनाया उत्सव का नगर; आनंद मंत्री लखन पटेल ने कहा कि धावकों की भागीदारी में दिखी लघु भारत की तस्वीर

- राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने बताया खेलों को स्वस्थ शरीर का राज, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. ने हर वर्ष आयोजन की जताई आवश्यकता; महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र के प्रयासों से सतना को मिली नई पहचान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

सतना। श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 का सातवां संस्करण रविवार को अभूतपूर्व उत्साह, जनभागीदारी और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के खेल मैदान से आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 91 जिलों से आए कुल 5,029 धावकों ने हिस्सा लिया। इनमें लगभग 2,500 महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

पूरे शहर में सूरज की पहली किरण के साथ गुलाबी रंग की छटा, धावकों का उत्साह, नागरिकों की सहभागिता और जगह-जगह हुए स्वागत-सत्कार ने सतना को उत्सव के नगर में बदल दिया। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर युवा दौड़ और 5 किलोमीटर अमृत दौड़ के माध्यम से खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस, सामाजिक समरसता और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

केसरिया झंडी दिखाकर हुआ मैराथन का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में मध्य प्रदेश शासन के आनंद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष संजीव कांकर, सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, विजय यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे, बिरला विकास हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, सार्थक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुनील अग्रवाल, सतीश सुखेजा तथा चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार उपस्थित रहे।

अतिथियों ने परम पूज्य माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात केसरिया झंडी दिखाकर 21





किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ का शुभारंभ किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

सतना हाफ मैराथन ने नगर को बनाया 'पिंक सिटी' : विश्वास सारंग

मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ है। मैराथन में शामिल हजारों धावकों और गुलाबी रंग की छटा ने पूरे नगर को एक अलग स्वरूप प्रदान किया। सतना में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा है और इसी कारण यह आयोजन नगर को 'पिंक सिटी' के रूप में नई पहचान देता नजर आया। उन्होंने आयोजक डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं।

22 राज्यों और 91 जिलों के धावकों में दिखी लघु भारत की तस्वीर : लखन पटेल

मध्य प्रदेश शासन के आनंद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि सतना हाफ मैराथन स्थानीय धावकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। देश के 22 राज्यों और 91 जिलों से आए 5,029 प्रतिभागियों की उपस्थिति अपने आप में विशेष है। यहां अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृति, उत्साह और खेल भावना का संगम देखने को मिला, जो लघु भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र द्वारा आयोजित यह मैराथन स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उन्हें बड़े मंच पर आगे बढ़ने का अवसर देने की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ता है।

खेलों में छिपा है स्वस्थ शरीर का राज : प्रतिमा बागरी

मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक जीवनशैली के लिए खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार कम से कम एक खेल अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ, प्रसन्न और सक्रिय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सेवा न्यास की पूरी टीम को बधाई दी।

सतना हाफ मैराथन प्रतिवर्ष आयोजित होनी चाहिए : कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस.

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन जैसे आयोजन प्रतिवर्ष होने चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आए धावकों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ भाग लेकर आयोजन को यादगार बनाया है। इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता सतना के लिए गौरव की बात है। ऐसे आयोजन शहर में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करते हैं।

डॉ. राकेश मिश्र के आयोजन से सतना को मिली नई पहचान : महापौर योगेश ताम्रकार

सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की सामाजिक सेवा और आयोजन क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतना की पहचान मैहर, चित्रकूट और मुकुंदपुर जैसे प्रमुख स्थलों के माध्यम से रही है, लेकिन सतना हाफ मैराथन जैसे बड़े आयोजन नगर को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन की भव्यता और व्यापक जनभागीदारी सतना की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करती है। खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक सहभागिता को एक मंच पर लाने वाला यह प्रयास सराहनीय है। जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया।

श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी पर महिलाओं की विशेष भागीदारी

श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी समारोह को समर्पित इस मैराथन में लगभग 2,500 महिलाओं ने भाग लेकर आयोजन को विशेष पहचान दी। विभिन्न आयु वर्गों की महिला धावकों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। उनकी भागीदारी ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों में महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। महिलाओं की बड़ी संख्या ने आयोजन को नारी शक्ति, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक बनाया। मैराथन के माध्यम से नागरिकों को नियमित व्यायाम अपनाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा मिली।

सतना नगरवासियों ने किया धावकों का भव्य स्वागत-सत्कार

देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से आए धावकों का सतना नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत-सत्कार किया। मैराथन मार्ग पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और खेल प्रेमियों ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, तालियों और उत्साहवर्धन के बीच धावकों का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग पर पेयजल और एनर्जी ड्रिंक की व्यवस्था की गई। मेडिकल वाहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से प्रतिभागियों की सहायता का प्रबंध किया गया। आयोजन से जुड़े बैनरों और गुलाबी सजावट ने शहर को उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। बाहर से आए खिलाड़ियों ने सतना की आत्मीयता और आतिथ्य का अनुभव किया।

एसडीएम राहुल सलाडिया ने पूरी की 10 किलोमीटर की दौड़

मैराथन की विशेष उपलब्धियों में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सतना नगर के एसडीएम श्री राहुल सलाडिया ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने भी 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए 40 मिनट में दौड़ पूरी की। अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की इस सहभागिता ने धावकों का उत्साह बढ़ाया और नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया।

भव्य समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान

मैराथन के समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस., पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए श्री जुगल कयाल और श्री राजेश गर्ग सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सेवा न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अवस्थी, श्रीमती प्रमिला मिश्र और एडवोकेट संकल्प मिश्र ने अतिथियों के साथ विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को अंगवस्त्र, प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत कपड़े का थैला, की-रिंग, कलम, दुर्लभ श्री यंत्र तथा निर्धारित नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

21 किलोमीटर हाफ मैराथन के विजेता

18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में भोपाल की फूलन पाल ने 1:22:00.71 के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाराणसी की खुशबू पटेल, प्रयागराज की रेशम और सुलोचना तथा मुंबई की प्रतिभा सुभाष चोरमले ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में महाराष्ट्र के पालघर के निलेश दाडू ने 1:06:58.86 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा के रेवाड़ी के हुकुम, पानीपत के विपिन सिंह, मध्य प्रदेश के रीवा के पंकज पटेल, उत्तर प्रदेश के बागपत के मोहित कुमार और प्रयागराज के रंजीत कुमार विजेता सूची में शामिल रहे।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में दिल्ली की सीमा करन और महाराष्ट्र के नागपुर की विद्या दापोदकर ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हरियाणा के पानीपत के सुंदर पाल, महाराष्ट्र के अहमदनगर के साबलेराम शिंदे, बिहार के मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार राय, मध्य प्रदेश के छतरपुर के नवीन पटेरिया तथा दिल्ली के अंजनी कुमार और तीरथ प्रसाद पटेल ने स्थान प्राप्त किया।

10 किलोमीटर युवा दौड़ के विजेता

12 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिला श्रेणी में मध्य प्रदेश के जबलपुर की रामनी पटेल ने 00:39:04.12 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिम्पल सिंह दूसरे, महाराष्ट्र के पालघर की दीक्षा संदीप जाधव तीसरे और प्रयागराज की हर्षिता चौथे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश के बैतूल की प्रिया पाल और निहारिका सिंह चौहान ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही के अजय कुमार बिंद ने 00:30:52.57 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के छतरपुर के कुलदीप, हरियाणा के सोनीपत के सुमित, मध्य प्रदेश के जबलपुर के अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश के हापुड़ के दीपक सिंह और मध्य प्रदेश के मुरैना के अमन तोमर ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में महाराष्ट्र के नागपुर की शोभा यादव, बांदा की प्रमिला लक्काने, नागपुर की सुनीता सूर्यवंशी और जबलपुर की विनीता शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग के पुरुषों में नागपुर के मोद बाजीराव उरकुडे प्रथम रहे। सतना के घनश्याम गुप्ता, रोहित अग्रवाल, राजेश खुबचंदानी और सुनील तोलवानी ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया।

5 किलोमीटर अमृत दौड़ के विजेता

महिला वर्ग में सतना की ज्योत्सना सिंह ने 00:17:27.07 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के बलिया की संध्या यादव दूसरे और महाराष्ट्र के ठाणे की तनया अमित धुमक तीसरे स्थान पर रहीं। सतना की माधवी पाल, रेणु केवट और स्वाती पांडे ने भी विजेता सूची में स्थान बनाया। पुरुष वर्ग में सतना के अरुण कुमार विश्वकर्मा ने 00:15:04.88 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के राजवीर, अलीगढ़ के कृष्ण कुमार, हाथरस के पवन पोनिया, मध्य प्रदेश के सागर के शनि जापति और उत्तर प्रदेश के रामपुर के रवि यादव विजेता सूची में शामिल रहे।

खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता का संदेश

सतना हाफ मैराथन 2026 ने खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। 22 राज्यों के 5,029 धावकों की भागीदारी, लगभग 1,500 महिलाओं की उपस्थिति, सतना नगरवासियों का स्वागत-सत्कार और प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस प्रयास ने सतना में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने, युवाओं को फिटनेस के लिए प्रेरित करने और नगर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीमती शांति मिश्रा जन्म शताब्दी को समर्पित यह आयोजन खेल, सेवा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता के संदेश के साथ यादगार बना।

दैनिक मारूति एक्सप्रेस रविवार, 25 अक्टूबर 2026

पिंक सिटी के रंग में रंगा सतना

22 राज्यों के 5029 धावकों ने लगाई दौड़

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर किया सतना हॉफ मैराथन-2026 का शुभारंभ| 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में दिखा उत्साह







सतना। शहर की सड़कों पर रविवार की सुबह फिटनेस, उत्साह और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के 22 राज्यों से पहुंचे 5029 धावकों ने हिस्सा लेकर आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। गुलाबी नगरी के रंग में रंगे सतना में सुबह से ही धावकों, खेल प्रेमियों और आयोजन से जुड़े स्वयंसेवकों की चहल-पहल रही। पांच, दस और 21 किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों में आयोजित दौड़ में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया। व्यंकट-1 स्कूल परिसर से मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सतना को 'पिंक सिटी' की संज्ञा देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही समाज में सकारात्मकता, आपसी जुड़ाव और एकता की भावना को मजबूत बनाते हैं। खेल और फिटनेस को जनजीवन का हिस्सा बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

तीन श्रेणियों में दौड़े प्रतिभागी

मैराथन में पांच, दस और 21 किलोमीटर की दौड़ रखी गई थी। अलग-अलग आयु वर्ग और शारीरिक क्षमता के अनुरूप प्रतिभागियों ने अपनी पसंद की श्रेणी में हिस्सा लिया। देश के विभिन्न राज्यों से धावकों की भागीदारी ने सतना हाफ मैराथन को व्यापक पहचान दिलाई। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रतिभागियों के कारण शहर में खेल गतिविधियों को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।

सुरक्षा के लिए तैनात रहा अमला

आयोजन को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए दौड़ मार्ग पर पुलिस बल तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। मार्ग पर व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिभागियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए वालंटियर्स सक्रिय रहे। आयोजन के दौरान धावकों की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि फिटनेस अब केवल व्यक्तिगत जरूरत नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता का विषय भी बन रही है। सतना हाफ मैराथन-2026 के माध्यम से शहर को खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहचान देने का प्रयास किया गया। 22 राज्यों के 5029 धावकों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बनाया। इससे सतना में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलने के साथ शहर की सकारात्मक छवि को भी मजबूती मिली।

दैनिक मारूति एक्सप्रेस रविवार, 25 अक्टूबर 2026

पिंक सिटी के रंग में रंगा सतना

22 राज्यों के 5029 धावकों ने लगाई दौड़

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर किया सतना हॉफ मैराथन-2026 का शुभारंभ| 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में दिखा उत्साह







सतना। शहर की सड़कों पर रविवार की सुबह फिटनेस, उत्साह और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के 22 राज्यों से पहुंचे 5029 धावकों ने हिस्सा लेकर आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। गुलाबी नगरी के रंग में रंगे सतना में सुबह से ही धावकों, खेल प्रेमियों और आयोजन से जुड़े स्वयंसेवकों की चहल-पहल रही। पांच, दस और 21 किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों में आयोजित दौड़ में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया। व्यंकट-1 स्कूल परिसर से मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सतना को 'पिंक सिटी' की संज्ञा देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही समाज में सकारात्मकता, आपसी जुड़ाव और एकता की भावना को मजबूत बनाते हैं। खेल और फिटनेस को जनजीवन का हिस्सा बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

तीन श्रेणियों में दौड़े प्रतिभागी

मैराथन में पांच, दस और 21 किलोमीटर की दौड़ रखी गई थी। अलग-अलग आयु वर्ग और शारीरिक क्षमता के अनुरूप प्रतिभागियों ने अपनी पसंद की श्रेणी में हिस्सा लिया। देश के विभिन्न राज्यों से धावकों की भागीदारी ने सतना हाफ मैराथन को व्यापक पहचान दिलाई। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रतिभागियों के कारण शहर में खेल गतिविधियों को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।

सुरक्षा के लिए तैनात रहा अमला

आयोजन को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए दौड़ मार्ग पर पुलिस बल तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। मार्ग पर व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिभागियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए वालंटियर्स सक्रिय रहे। आयोजन के दौरान धावकों की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि फिटनेस अब केवल व्यक्तिगत जरूरत नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता का विषय भी बन रही है। सतना हाफ मैराथन-2026 के माध्यम से शहर को खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहचान देने का प्रयास किया गया। 22 राज्यों के 5029 धावकों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बनाया। इससे सतना में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलने के साथ शहर की सकारात्मक छवि को भी मजबूती मिली।

सतना हाफ मैराथन में जुटेंगे 22 राज्यों के 5 हजार से अधिक धावक

मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप आयोजित इस आयोजन में देश के 22 राज्यों से 5 हजार से अधिक महिला एवं पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। मैराथन में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित होगी रविवार सुबह छह बजे जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा 21 किलोमीटर के मार्ग पर धावकों के लिए पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था रहेगी प्रतियोगिता में आधुनिक आरएफआईडी टाइमिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा जिससे प्रत्येक धावक का समय पारदर्शी तरीके से दर्ज होगा एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी आयोजन के तकनीकी एवं खेल प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगी महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ने के उद्देश्य से 5 किलोमीटर दौड़ में महिलाओं के लिए नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है यह पहल स्वर्गीय शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर श्रद्धांजलि के रूप में की गई है देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन स्थल शासकीय वेंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक–1 के मैदान में तैयारियां तेज हैं दिल्ली से एडिफाई स्पोर्ट्स की टीम पहुंचकर पंजीयन किट और टी–शर्ट वितरण की व्यवस्थाएं संभालेगी मैराथन का विभिन्न टीवी चैनलों एवं मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा मार्ग पर ड्रोन से पुष्पवर्षा और शहरवासियों द्वारा धावकों के भव्य स्वागत की भी तैयारी है दौड़ से पूर्व एंकर अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुम्बा एवं वार्म–अप गतिविधियां कराई जाएंगी विजेताओं को चार लाख रुपये से अधिक की नकद पुरस्कार राशि के साथ मेडल, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे आयोजन का उद्देश्य सतना में खेल संस्कृति, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तीकरण और युवाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना है आयोजकों के अनुसार यह आयोजन विंध्य एवं बुंदेलखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी माध्यम बनेगा।

सतना हाफ मैराथन : 25 अक्टूबर को व्यंकट-1 स्कूल से शुरु होगी दौड़

22 राज्यों के 5 हजार धावक लेंगे हिस्सा



सतना @ पत्रिका. पं. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास द्वारा सतना हाफ मैराथन 2026 का आयोजन रविवार 25 अक्टूबर को होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। फिट इंडिया अभियान के तहत होने वाले रेस में 22 राज्यों से 5 हजार से अधिक महिला एवं पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। मैराथन में 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ होगी। जिसमें 4 लाख से अधिक की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क: महिलाओं की खेल भागीदारी बढ़ाने के लिए 5 किमी दौड़ में पंजीयन निःशुल्क रखा गया है। मैराथन मार्ग पर धावकों के लिए पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आरएफआईडी टाइमिंग टैग के जरिए समय की गणना की जाएगी। बाहर से आने वाले पुरुष धावकों को बूटीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल और महिला धावकों को व्यंकट-1 में ठहराया जाएगा।

जुम्बा एवं वार्म-अप गतिविधियां होंगी: दौड़ प्रारंभ होने से पहले अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुम्बा और अन्य मनोरंजक फिटनेस गतिविधियां कराई जाएँगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य धावकों में उत्साह बढ़ाना और उन्हें दौड़ के लिए शारीरिक रूप से तैयार होने में सहायता करना है। रेस में ड्रोन से पुष्पवर्षा की जाएगी।

सतना हाफ मैराथन 2026 कल : अंतिम चरण में पहुंची वेंकट-1 मैदान में तैयारियां

22 राज्यों के 5 हजार से अधिक धावक दिखाएंगे दम

स्टार समाचार | सतना





पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित 'सतना हाफ मैराथनः 2026' के सातवें संस्करण की तैयारियाँ अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। आयोजन की रूपरेखा साझा करने के लिए शुक्रवार को न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ह्यफिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप यह मैराथन खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता और क्षेत्रीय गौरव का एक अनूठा संगम है।इस प्रतिष्ठित आयोजन को देश के कई दिग्गज व्यक्तित्वों का विशेष मार्गदर्शन और शुभकामनाए प्राप्त हुई हैं। इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री लखन पटेल, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी नई दिल्ली, कथावाचक अजय भाई, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन और मैराथन की ब्रांड एंबेसडर व तीन बार की एशियाई चैंपियनशिप विजेता डॉ. सुनीता गोदारा प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस महाआयोजन में देश के 22 राज्यों से 5,000 से अधिक महिला एवं पुरुष धावकों ने उत्साहपूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रतियोगिता के तहत 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। रविवार प्रातः 6 बजे वरिष्ठ अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। इस दौरान राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह तथा महापौर योगेश ताम्रकार की विशेष उपस्थिति रहेगी। जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक और खेलप्रेमी भी इसमें सहभागिता निभाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत सीईओ सपना त्रिपाठी, एडीएम विकास सिंह, सीएसपी मनीष त्रिपाठी और कोलगवां टीआई सुदीप सोनी भी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजकों के साथ कार्यक्रम स्थल का बारीकी से मुआयना किया।

व्यंकट मैदान में तैयारियां तेज, दिल्ली से पहुंचेगी एडिफाई स्पोर्ट्स की टीम

मैराथन के संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने जानकारी दी कि शासकीय वेंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 (वेंकट-1) के मैदान में विशाल पंडाल सजाया गया है, जहाँ से इस भव्य आयोजन की शुरुआत होगी। दिल्ली से एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी की तकनीकी एवं खेल प्रबंधन टीम सतना पहुँच चुकी है। मैराथन का सीधा प्रसारण विभिन्न टीवी चैनलों और मीडिया प्लेटफार्मों पर किया जाएगा।

सुरक्षा, पेयजल और महिला सम्मान पर विशेष फोकस

21 किलोमीटर के संपूर्ण मार्ग पर धावकों की सुविधा के लिए दोनों ओर पेयजल, एनर्जी ड्रिंक और मेडिकल वाहनों की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, स्वर्गीय श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर महिलाओं को खेलों से जोड़ने और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 5 किलोमीटर की दौड़ में सभी महिला धावकों के लिए पंजीयन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है।

चार लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को प्रोत्साहित करने के लिए 4 लाख रुपये से अधिक की कुल नकद पुरस्कार राशि, मेडल, स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अंत में कहा कि यह मैराथन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विंध्य और बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को जोड़ने तथा युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का एक ऐतिहासिक मंच है।

हाफ मैराथन 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में, 22 राज्यों से जुटेंगे धावक

भास्कर न्यूज | सतना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस मैराथन में 22 राज्यों के 91 जिलों से 5 हजार से अधिक महिला-पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। रविवार सुबह 6 बजे वरिष्ठ अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। प्रतियोगिता में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ होगी। इस कार्यक्रम की जानकारी आयोजक पं. राकेश मिश्र ने दी।

अतिथि के रूप में ये रहेंगे मौजूद

श्री मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, एकेएस युनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत कुमार सोनी सहित जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक राकेश मिश्र

तैनात रहेगी मेडिकल टीम, आधुनिक टाइमिंग व्यवस्था

21 किलोमीटर के मार्ग पर पेयजल और एनर्जी ड्रिंक उपलब्ध कराए जाएंगे। मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट तैनात रहेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, एनर्जी ड्रिंक और आरएफआईडी आधारित टाइमिंग टैग दिए जाएंगे। एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी तकनीकी एवं खेल प्रबंधन संभालेगी। डिजिटल रीडिंग पॉइंट्स से प्रत्येक धावक का आधिकारिक समय दर्ज होगा। महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के मकसद से 5 किलोमीटर दौड़ में सभी महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क रहेगा।

चार लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार

मैराथन के संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि तीनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को चार लाख रुपए से अधिक की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। विजेताओं को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और युवा सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ विंध्य एवं बुंदेलखंड की संस्कृति और परंपराओं को जोड़ने का प्रयास है।

फिट इंडिया अभियान के तहत सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण

सतना हाफ मैराथन की तैयारियां अंतिम चरण में, 22 राज्यों के 5 हजार से अधिक धावक होंगे शामिल

5, 10 और 21 किमी की दौड़ में दिखेगा दम; चार लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि, महिला धावकों के लिए 5 किमी दौड़ में निशुल्क पंजीयन

सतना। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप होने वाले इस आयोजन में देश के 22 राज्यों के 91 जिलों से 5,000 से अधिक महिला और पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। विजेताओं को चार लाख रुपये से अधिक की नकद पुरस्कार राशि के साथ मेडल, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। आयोजन को लेकर खेल प्रबंधन, चिकित्सा सहायता, प्रतिभागियों के आवास, तकनीकी व्यवस्था और मीडिया कवरेज की तैयारियां की जा रही हैं। धावकों के स्वागत के लिए ड्रोन से पुष्पवर्षा और विभिन्न टीवी चैनलों पर सीधे प्रसारण की भी योजना है।

21 किमी मार्ग पर मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट

धावकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए 21 किलोमीटर के मार्ग पर पैरामेडिकल और एलर्जी ड्रिंक की व्यवस्था रहेगी। आपात स्थिति में सहायता के लिए मेडिकल वाहन तैनात किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर फिजियोथेरेपिस्ट भी मौजूद रहेंगे। प्रतिभागियों को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार दौड़ने और निर्धारित नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।



आरएफआईडी टैग से दर्ज होगा समय

मैराथन में धावकों को टी-शर्ट, एलर्जी ड्रिंक और आरएफआईडी आधारित टाइमिंग टैग उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी तकनीकी और खेल प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेगी। डिजिटल रीडिंग पॉइंट्स की मदद से धावकों का समय दर्ज किया जाएगा, जिससे परिणाम तैयार करने में पारदर्शिता बनी रहेगी।

महिला धावकों के लिए निशुल्क पंजीयन

महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पांच किलोमीटर की दौड़ में महिला प्रतिभागियों के लिए निशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। यह पहल स्वर्गीय श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए की गई है।

बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था

दूसरे राज्यों से आने वाले पुरुष धावकों के लिए बूटीबाई अग्रवाल सेयर सेकेंडरी स्कूल और बूटीबाई अग्रवाल सभागार, जवाहर नगर में ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। महिला धावकों के लिए शासकीय वेंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के छात्रावास में आवास की सुविधा रहेगी। आयोजन स्थल पर पंडाल और मंच सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अतिथियों की मौजूदगी में होगा शुभारंभ

आयोजकों के अनुसार, रविवार सुबह छह बजे वरिष्ठ अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। आयोजन में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह और महापौर योगेश कुमार ताम्राकार की विशेष उपस्थिति प्रस्तावित है। दौड़ से पहले एंकर अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुम्बा और वार्म-अप गतिविधियां भी कराई जाएंगी।

टीवी चैनलों पर लाइव प्रसारण, ड्रोन से पुष्पवर्षा

सतना हाफ मैराथन को व्यापक पहचान दिलाने के लिए एसडी संगम, सुदर्शन, डिजियाना और नेशनल दर्पण सहित विभिन्न चैनलों पर सीधे प्रसारण की तैयारी है। मैराथन मार्ग पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की भी योजना बनाई गई है। आयोजन के जरिए विंध्य और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक पहचान, खेल भावना, महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

सतना हाफ मैराथन सप्तम संस्करण में होंगे शामिल डा. राकेश मिश्र

सतना (नेजा)। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं इंडियन मेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र आनंद विहार रीवा सुपर फास्ट एक्सप्रेस से आज नगर आगमन होगा। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि रेस टाइमिंग, तकनीक संचालन और वीप कार्ड के विशेषज्ञ टीम के 15 सदस्यों का सतना रेलवे स्टेशन मे खेल प्रेमियों ,स्वयंसेवकों सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि सेवा न्यास की प्रेरणा स्रोत परम पूज्य श्रीमती शांति मिश्रा बाई की जनशताब्दी के अवसर पर आयोजित सतना हाफ मैराथन में महिलाओं के लिए निशुल्क पंजीयन के माध्यम से पूरे देश से लगभग 5000 प्रतिभागी 22 राज्यों के धावाकों ने अपना पंजीयन करवाया है समस्त खेल प्रेमियों से आग्रह है कि 25 अक्टूबर को प्रात: 6:00 बजे शासकीय वेंकट क्रमांक एक खेल परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

सतना हाफ मैराथन 25 को

सतना| पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र शुक्रवार को रेस टाइमिंग, तकनीक संचालन और वीप कार्ड के विशेषज्ञ टीम के 15 सदस्यों के साथ सतना पहुंचेंगे, जहां खेल प्रेमी उनका स्वागत करेंगे। मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी ने बताया कि शांति बाई मिश्रा की जनशताब्दी के अवसर पर आयोजित सतना हाफ मैराथन में महिलाओं के लिए निःशुल्क पंजीयन के माध्यम से पूरे देश से लगभग 5 हजार प्रतिभागी 22 राज्यों के धावाकों ने अपना पंजीयन करवाया है। समस्त खेल प्रेमियों से अपील है कि 25 अक्टूबर को सुबह 6 बजे शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



संक्षिप्त समाचार

मैहर में विजयादशमी का पर्व 20 को



मैहर। नगर दशहरा कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि मैहर में विजयदशमी का पर्व 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसी परिपेक्ष्य में 20 अक्टूबर को ही दशहरा मैदान मैहर में 45 फीट रावण का वध जोरदार आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम के द्वारा किया जायेगा। नगर दशहरा कमेटी के अध्यक्ष ने मैहर के सभी दुर्गा उत्सव समितियों से समय पर मां दुर्गा की झांकियो को चल समारोह में शामिल होने कि अपील की है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के 26 मंडल अध्यक्ष घोषित

सातवें संस्करण में देशभर के धावकों का जुटेगा जमावड़ा: 22 राज्यों से करीब 5 हजार पंजीयन, 25 अक्टूबर को सुबह 6 बजे होगा शुभारंभ

सतना में दौड़ेंगे 22 राज्यों के धावक, 5 हजार प्रतिभागियों का महाकुंभ

21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़; चार लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि, बालिका आें की भागीदारी निःशुल्क

सतना। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में सतना हाफ मैराथन 2026 का सातवां संस्करण 25 अक्टूबर को आयोजित होगा। देश के 22 राज्यों से करीब 5,000 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। रविवार सुबह 6 बजे शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के खेल मैदान से मैराथन का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता में 21, 10 और 5 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में महिला एवं पुरुष धावक हिस्सा लेंगे। विजेताओं के लिए चार लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि रखी गई है।

फिटनेस के साथ महिला सशक्तीकरण पर जोर

आयोजन का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम, दौड़ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान की भावना से प्रेरित इस आयोजन में श्रीमती शांति



मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर सतना नगर की बालिकाओं के लिए पांच किलोमीटर की दौड़ में भागीदारी निःशुल्क रखी गई है। आयोजकों के अनुसार, यह पहल बालिकाओं को खेलों से जोड़ने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

आधुनिक तकनीक से होगी रेस टाइमिंग

मैराथन में समय दर्ज करने के लिए आरएफआईडी आधारित टाइमिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। एडिफाई स्पोर्ट्स की 15 सदस्यीय टीम तकनीकी संचालन और बिब कार्ड वितरण में सहयोग करेगी। पंजीकृत प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र और मेडल दिए जाएंगे। मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा इस बार की ब्रांड एंबेसडर हैं। दौड़ से पहले वार्म-अप और जुंबा जैसी गतिविधियां भी होंगी।

महापौर ने किया मार्ग का निरीक्षण

महापौर योगेश ताम्रकार ने 21 किलोमीटर के मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोजन समिति, खेल अधिकारियों और स्वयंसेवकों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पंजीयन बंद, बिना पंजीकरण प्रवेश नहीं

संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि करीब पांच हजार पंजीयन पूरे होने के बाद प्रक्रिया बंद कर दी गई है। बिना वैध पंजीयन के किसी को दौड़ में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागियों को 24 अक्टूबर को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार बिब कार्ड, टी-शर्ट और अन्य सामग्री प्राप्त करनी होगी।

बाहर से आने वाले पुरुष प्रतिभागियों के लिए जवाहर नगर स्थित बुटौबाई विद्यालय और बालिका प्रतिभागियों के लिए शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 परिसर स्थित छात्रावास में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

आयोजन समिति को उम्मीद है कि यह मैराथन सतना में खेल संस्कृति, फिटनेस, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ स्तर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी।

महानवमी आज



आज होगी माँ सिद्धिदात्री की पूजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 5 न्यूज़ीलैंड दौरे से रोहित और विराट को होगी मोटी कमाई सम्पादकीय कर्ज के बोझ में नए जिलों की सियासत श्रीलंका में अगले माह खेला जाएगा अनूठा टेस्ट ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट 5

वर्ष 20 ● अंक 239 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का ऐतिहासिक आयोजन सतना में 25 को: डॉ. राकेश मिश्र

सतना हाफ मैराथन: 2026 में लगभग 5,000 प्रतिभागियों का पंजीयन, देश के 22 राज्यों से धावक होंगे शामिल: रविशंकर द्विवेदी

25 अक्टूबर को सुबह 6 बजे शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के खेल मैदान से होगा शुभारंभ: राजीव व्यास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

सतना। सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण को लेकर सतना नगर में उत्साह का माहौल है। इस वर्ष इस आयोजन में लगभग 5,000 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। देशभर के 22 राज्यों से महिला एवं पुरुष धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी रुचि दिखाई है। डिजिटल पंजीकरण की सुविधा के कारण देश के विभिन्न हिस्सों के प्रतिभागियों को इस आयोजन से जुड़ने का अवसर मिला है।

सतना हाफ मैराथन की विशेषता यह है कि इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आयोजन, आधुनिक रेस टाइमिंग तकनीक, डिजिटल पंजीकरण और प्रतिभागियों के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में दौड़ आयोजित की जाएगी। श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर सतना नगर की बालिकाओं के लिए मैराथन में भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। आयोजन समिति, खेल अधिकारियों, स्वयंसेवकों और सतना नगर के नागरिकों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सातवें संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त पंजीकरण ने इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया है।

25 अक्टूबर को सुबह 6 बजे होगा मैराथन का शुभारंभ: राजीव व्यास

सतना हाफ मैराथन 2026 का शुभारंभ रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को प्रातः 6 बजे शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सतना के खेल मैदान से होगा। इस वर्ष मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त अनेक विशिष्ट अतिथियों के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। मैराथन के आयोजन का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम, दौड़ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के फिट इंडिया अभियान की भावना से प्रेरित है। 'फिट है तो हिट है' के संदेश के साथ मैराथन के माध्यम से नागरिकों, युवाओं और महिलाओं को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के खेल आयोजन से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। साथ ही, सतना को खेल गतिविधियों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान दिलाने में भी मदद मिलती है।

21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेंगे महिला एवं पुरुष धावक: विजय पटेल

मैराथन में प्रतिभागियों की सुविधा और उनकी क्षमता के अनुरूप तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल हैं। इन श्रेणियों के माध्यम से अनुभवी धावकों के साथ-साथ फिटनेस के प्रति जागरूक नागरिकों को भी भागीदारी का अवसर मिलेगा।

इस आयोजन की एक विशेष पहल श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी को समर्पित है। इस अवसर पर सतना नगर की बालिकाओं के लिए पांच किलोमीटर की मैराथन में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। यह पहल बालिकाओं को खेलों से जोड़ने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। देशभर के 22 राज्यों से प्राप्त पंजीकरण सतना हाफ मैराथन की व्यापक पहुंच को दर्शाते हैं। विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभागियों की उपस्थिति से आयोजन में राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता देखने को मिलेगी।

मैराथन चैंपियन डॉ. श्रीमती सुनीता गोदारा होंगी ब्रांड एंबेसडर

सतना हाफ मैराथन 2026 की ब्रांड एंबेसडर मैराथन चैंपियन श्रीमती सुनीता गोदारा हैं। उन्होंने मैराथन प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका 24 अक्टूबर को प्रातः सतना पहुंचने का कार्यक्रम है। उनकी उपस्थिति से धावकों, विशेषकर युवा प्रतिभागियों को प्रेरणा मिलेगी। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों के वार्म-अप, जुम्बा और अन्य गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी श्रीमती अनुप्रिया सिन्हा संभालेंगी। दौड़ से पहले शारीरिक तैयारी और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए इन गतिविधियों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोजन समिति का प्रयास है कि प्रतिभागियों को दौड़ से पहले आवश्यक दिशा-निर्देश, उचित तैयारी और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

रेस टाइमिंग और बिब कार्ड वितरण के लिए एडिफाई स्पोर्ट्स की 15 सदस्यीय टीम: अजय मिश्र

मैराथन की तकनीकी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाने के लिए एडिफाई स्पोर्ट्स (Edify Sports) कंपनी की 15 सदस्यीय टीम सतना पहुंचेगी। कंपनी के सचिन रूस्तगी एवं श्रीमती नमिता रूस्तगी के नेतृत्व में यह टीम 24 अक्टूबर 2026 को सतना पहुंचकर रेस टाइमिंग, तकनीकी संचालन और बिब कार्ड वितरण सहित आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग करेगी।

मैराथन में RFID आधारित टाइमिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। इस तकनीक के



माध्यम से प्रतिभागियों के दौड़ पूरी करने का समय दर्ज किया जाएगा, जिससे प्रदर्शन का रिकॉर्ड तैयार करने और परिणामों के संकलन में सहायता मिलेगी। पंजीकृत प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को महिला एवं पुरुष वर्ग के अनुसार अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में चार लाख रुपये से अधिक की कुल पुरस्कार राशि रखी गई है।

तकनीकी टीम की तैनाती का उद्देश्य रेस टाइमिंग और प्रतिभागियों के प्रबंधन को व्यवस्थित करना है। बिब कार्ड के माध्यम से प्रतिभागियों की पहचान और टाइमिंग प्रक्रिया को सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी।

महापौर योगेश ताम्रकार ने किया 21 किलोमीटर के मार्ग का निरीक्षण: रविशंकर द्विवेदी

मैराथन की तैयारियों के अंतर्गत सतना के महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने 21 किलोमीटर के पूरे मार्ग का निरीक्षण किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और मार्ग पर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मैराथन जैसे बड़े आयोजन में मार्ग की व्यवस्था, प्रतिभागियों की सुविधा और तकनीकी संचालन महत्वपूर्ण होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति और संबंधित व्यवस्थाओं से जुड़े लोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। नगर के नागरिकों से भी अपेक्षा की गई है, ताकि देशभर से आने वाले धावकों को सतना में बेहतर अनुभव मिल सके और प्रतियोगिता सुचारु रूप से संपन्न हो।

वरिष्ठ खेल अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने संभाली व्यवस्थाएं: डॉ. महेन्द्र तिवारी

सतना हाफ मैराथन 2026 की तैयारियों में वरिष्ठ खेल अधिकारियों, आयोजन समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों और शहर के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है। व्यवस्थाओं में वरिष्ठ खेल अधिकारी राजू व्यास, अजय मिश्रा, विजय सिंह पटेल, मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी, नीलू, श्रीमती सीलम सैनी, अनिल सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, एल.एल. शुक्ला और बिमल नामदेव सहित अनेक लोग योगदान दे रहे हैं।

इनके साथ सतना नगर के बड़ी संख्या में नागरिक भी स्वागत तैयारियों में सहयोग कर रहे हैं। आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, प्रतिभागियों की सहायता, प्रचार-प्रसार और अन्य आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

आयोजन समिति का उद्देश्य केवल दौड़ आयोजित करना नहीं, बल्कि सतना में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज के अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ गतिविधियों से जोड़ना भी है।

लगभग 5,000 पंजीयन के बाद रजिस्ट्रेशन बंद, बिना पंजीयन नहीं मिलेगी दौड़ में भागीदारी

मैराथन के संयोजक श्री रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष लगभग 5,000 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। देश के 22 राज्यों से महिला एवं पुरुष धावकों की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैराथन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अब बंद हो चुकी है। बिना वैध पंजीयन के किसी भी व्यक्ति को दौड़ में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह व्यवस्था प्रतिभागियों की सुरक्षा, रेस टाइमिंग की सटीकता और प्रतियोगिता के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए की गई है।

सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को शनिवार, 24 अक्टूबर को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपने बिब कार्ड, टी-शर्ट और अन्य आवश्यक सामग्री प्राप्त करनी होगी। प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे समय पर पहुंचें और आयोजन समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए ठहरने की व्यवस्था: बालकृष्ण बेटा शुक्ला

देश के विभिन्न राज्यों से सतना पहुंचने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई है। संयोजक श्री रविशंकर द्विवेदी के अनुसार, पुरुष प्रतिभागियों के लिए जवाहर नगर स्थित बुटौबाई विद्यालय में ठहरने की व्यवस्था रहेगी, जबकि बालिका प्रतिभागियों के लिए शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के मैदान में स्थित छात्रावास में आवास की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति का प्रयास है कि बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को आवास, बिब कार्ड, टी-शर्ट और दौड़ से संबंधित आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध हो। 24 अक्टूबर को सामग्री वितरण की व्यवस्था के बाद 25 अक्टूबर की सुबह मैराथन का शुभारंभ किया जाएगा।

सतना हाफ मैराथन बनेगी फिटनेस, महिला सशक्तीकरण और खेल भावना का संदेश

सतना हाफ मैराथन 2026 का सातवां संस्करण खेल, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर सतना नगर की बालिकाओं के लिए निःशुल्क भागीदारी की व्यवस्था इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करती है। देश के 22 राज्यों से प्रतिभागियों का पंजीयन और लगभग 5,000 लोगों की सहभागिता सतना के लिए गौरव का विषय है। आधुनिक टाइमिंग तकनीक, डिजिटल पंजीकरण, पुरस्कार व्यवस्था और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति और सतना नगर के नागरिकों को उम्मीद है कि 25 अक्टूबर को सुबह हजारों कदम फिटनेस, अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का संदेश लेकर सतना की धरती पर आगे बढ़ेंगे। सतना हाफ मैराथन का यह आयोजन नगर की खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्वस्थ समाज

सतना हाफ मैराथन 25 अटूबर को 22 राज्यों के 5000 धावक लेंगे भाग

सतना। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन के सातवें संस्करण का शुभारंभ 25 अक्टूबर रविवार सुबह 6 बजे शासकीय व्यंकट उत्कृष्ट स्कूल क्रमांक-1 के मैदान से होगा। संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष लगभग 5000 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। 22 राज्यों से धावक शामिल होंगे। अब पंजीयन बंद हो चुका है, बिना बिब के दौड़ में प्रवेश नहीं मिलेगा। मैराथन में 21, 10 और 5 किमी की तीन श्रेणियां रखी गई हैं। विजेताओं के लिए 4 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि है। श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी पर सतना की बालिकाओं के लिए 5 किमी दौड़ निःशुल्क रखी गई है। मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा ब्रांड एंबेसडर होंगी, जो 24 अक्टूबर को सतना पहुंचेंगी। आरएफआईडी टाइमिंग के लिए एडिफाई स्पोर्ट्स की 15 सदस्यीय टीम व्यवस्था संभालेगी। 24 अक्टूबर को ही बिब, टी-शर्ट वितरण होगा। महापौर योगेश ताम्रकार ने 21 किमी मार्ग का निरीक्षण किया। बाहर से आने वाले पुरुष धावकों के लिए बूटीबाई स्कूल जवाहर नगर और महिला धावकों के लिए व्यंकट स्कूल छात्रावास में ठहरने की व्यवस्था है। यह आयोजन फिट इंडिया अभियान से प्रेरित है। मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने जानकारी दी।

सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण तैयार, 22 राज्यों से 5000 धावक लेंगे हिस्सा



कीर्ति कांति सक्सेना। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सतना हाफ मैराथन 2026 की तैयारी अंतिम चरण में है। फिट इंडिया अभियान के तहत 5, 10 और 21 किमी की दौड़ होगी। रविवार सुबह 6 बजे फ्लैग ऑफ होगा। देश के 22 राज्यों से 5000 से अधिक धावकों के आने की उम्मीद है। विजेताओं को 4 लाख से अधिक नकद पुरस्कार, RFID टाइमिंग, जलपान और मेडिकल सुविधा रहेगी।

मैराथन सतना हाफ मैराथन के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में

22 राज्यों से जुटेंगे 5000 से अधिक धावक

पीपुल्स प्रवक्ता, सतना।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित होने वाली इस मैराथन में देश के 22 राज्यों से 5000 से अधिक महिला एवं पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन समिति के संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि मैराथन में 5, 10 और 21 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में दौड़ होगी।

रविवार प्रातः 6 बजे अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। विजेताओं को 4 लाख रुपये से अधिक की नकद पुरस्कार राशि, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। धावकों



की सुरक्षा के लिए 21 किलोमीटर मार्ग पर पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था रहेगी। समय की गणना के लिए आधुनिक ऋषद्वय टाइमिंग टैग प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इसका तकनीकी प्रबंधन दिल्ली की एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी द्वारा किया जाएगा, जिसकी टीम शुक्रवार को सतना पहुंचेगी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 5 किलोमीटर दौड़ में महिला धावकों के लिए निःशुल्क पंजीयन रखा गया है।

यह पहल स्वर्गीय शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में की गई है। बाहर से आने वाले पुरुष धावकों के लिए बूटीबाई स्कूल, जवाहर नगर और महिला धावकों के लिए शासकीय वेंकट उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रावास में आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। इस मैराथन का सीधा प्रसारण एसडी संगम, सुदर्शन, डिजियाना और नेशनल दर्पण सहित कई टीवी चैनलों पर किया जाएगा। मैराथन मार्ग पर ड्रोन से पुष्पवर्षा और शहर में जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। दौड़ से पूर्व प्रसिद्ध एंकर अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुंबा एवं वार्म-अप गतिविधियां कराई जाएंगी। आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, बृजेश पाठक, मंत्री विश्वास सारंग, प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं ब्रांड एंबेसडर एशियन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा ने शुभकामना संदेश भेजे हैं।

सतना हाफ मैराथन में 5 हजार लोग दौड़ेंगे

22 राज्यों से आएंगे प्रतिभागी, 4 लाख से ज्यादा के नकद पुरस्कार मिलेंगे



सतना (नेजा)। सतना में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 की तैयारियां अपने अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। न्यास के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने बताया कि 25 अक्टूबर, रविवार को सुबह 6 बजे आयोजित होने वाली इस मैराथन में देश के 22 राज्यों से आए 5 हजार से भी अधिक धावक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता को 5, 10 और 21 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को कुल 4 लाख रुपए से अधिक के नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। धावकों के सटीक समय की गणना के लिए आरएफआईडी आधारित टाइमिंग टैग का उपयोग किया जाएगा। 21 किलोमीटर के पूरे ट्रैक पर पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और फिजियोथेरेपिस्ट की पुख्ता व्यवस्था की गई है। स्वर्गीय शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत में एंकर अनुप्रिया सिन्हा से जुम्बा और वार्मअप सेशन कराया जाएगा, जबकि मैराथन मार्ग पर ड्रोन की मदद से धावकों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। बाहर से आने वाले पुरुष धावकों के ठहरने की व्यवस्था बूटीबाई अग्रवाल स्कूल परिसर में और महिला धावकों के लिए शासकीय वेंकट उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 के छात्रावास में की गई है।

सतना हाफ मैराथन : 25 अक्टूबर को व्यंकट-1 स्कूल से शुरु होगी दौड़

22 राज्यों के 5 हजार धावक लेंगे हिस्सा



सतना @ पत्रिका. पं. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास द्वारा सतना हाफ मैराथन 2026 का आयोजन रविवार 25 अक्टूबर को होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। फिट इंडिया अभियान के तहत होने वाले रेस में 22 राज्यों से 5 हजार से अधिक महिला एवं पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। मैराथन में 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ होगी। जिसमें 4 लाख से अधिक की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क: महिलाओं की खेल भागीदारी बढ़ाने के लिए 5 किमी दौड़ में पंजीयन निःशुल्क रखा गया है। मैराथन मार्ग पर धावकों के लिए पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आरएफआईडी टाइमिंग टैग के जरिए समय की गणना की जाएगी। बाहर से आने वाले पुरुष धावकों को बूटीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल और महिला धावकों को व्यंकट-1 में ठहराया जाएगा।

जुम्बा एवं वार्म-अप गतिविधियां होंगी: दौड़ प्रारंभ होने से पहले अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुम्बा और अन्य मनोरंजक फिटनेस गतिविधियां कराई जाएँगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य धावकों में उत्साह बढ़ाना और उन्हें दौड़ के लिए शारीरिक रूप से तैयार होने में सहायता करना है। रेस में ड्रोन से पुष्पवर्षा की जाएगी।

दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

हाफ मैराथन 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में, 22 राज्यों से जुटेंगे धावक

भास्कर न्यूज | सतना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस मैराथन में 22 राज्यों के 91 जिलों से 5 हजार से अधिक महिला-पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। रविवार सुबह 6 बजे वरिष्ठ अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। प्रतियोगिता में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ होगी। इस कार्यक्रम की जानकारी आयोजक पं. राकेश मिश्र ने दी।

अतिथि के रूप में ये रहेंगे मौजूद

श्री मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, एकेएस युनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत कुमार सोनी सहित जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक राकेश मिश्र

तैनात रहेगी मेडिकल टीम, आधुनिक टाइमिंग व्यवस्था

21 किलोमीटर के मार्ग पर पेयजल और एनर्जी ड्रिंक उपलब्ध कराए जाएंगे। मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट तैनात रहेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, एनर्जी ड्रिंक और आरएफआईडी आधारित टाइमिंग टैग दिए जाएंगे। एडिफाई स्पोर्ट्स कंपनी तकनीकी एवं खेल प्रबंधन संभालेगी। डिजिटल रीडिंग पॉइंट्स से प्रत्येक धावक का आधिकारिक समय दर्ज होगा। महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के मकसद से 5 किलोमीटर दौड़ में सभी महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क रहेगा।

चार लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार

मैराथन के संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि तीनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को चार लाख रुपए से अधिक की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। विजेताओं को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और युवा सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ विंध्य एवं बुंदेलखंड की संस्कृति और परंपराओं को जोड़ने का प्रयास है।

फिट इंडिया अभियान के तहत सतना हाफ मैराथन का सातवां संस्करण

सतना हाफ मैराथन की तैयारियां अंतिम चरण में, 22 राज्यों के 5 हजार से अधिक धावक होंगे शामिल

5, 10 और 21 किमी की दौड़ में दिखेगा दम; चार लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि, महिला धावकों के लिए 5 किमी दौड़ में निशुल्क पंजीयन

सतना। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2026 के सातवें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप होने वाले इस आयोजन में देश के 22 राज्यों के 91 जिलों से 5,000 से अधिक महिला और पुरुष धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। विजेताओं को चार लाख रुपये से अधिक की नकद पुरस्कार राशि के साथ मेडल, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। आयोजन को लेकर खेल प्रबंधन, चिकित्सा सहायता, प्रतिभागियों के आवास, तकनीकी व्यवस्था और मीडिया कवरेज की तैयारियां की जा रही हैं। धावकों के स्वागत के लिए ड्रोन से पुष्पवर्षा और विभिन्न टीवी चैनलों पर सीधे प्रसारण की भी योजना है।

21 किमी मार्ग पर मेडिकल वाहन और फिजियोथेरेपिस्ट

धावकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए 21 किलोमीटर के मार्ग पर पेरामेडिक और एलर्जी डिक की व्यवस्था रहेगी। आघात स्थिति में सहायता के लिए मेडिकल वाहन तैनात किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर फिजियोथेरेपिस्ट भी मौजूद रहेंगे। प्रतिभागियों को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार दौड़ने और निर्धारित नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।



आरएफआईडी टैग से दर्ज होगा समय

मैराथन में धावकों को टी-शर्ट, एलर्जी डिक और आरएफआईडी आधारित टाइमिंग टैग उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। एडिडास स्पोर्ट्स कंपनी तकनीकी और खेल प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेगी। डिजिटल रीडिंग पॉइंट्स की मदद से धावकों का समय दर्ज किया जाएगा, जिससे परिणाम तैयार करने में पारदर्शिता बनी रहेगी।

महिला धावकों के लिए निशुल्क पंजीयन

महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पांच किलोमीटर की दौड़ में महिला प्रतिभागियों के लिए निशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। यह पहल स्वर्गीय श्रीमती शांति मिश्रा की जन्म शताब्दी के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए की गई है।

बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था

दूसरे राज्यों से आने वाले पुरुष धावकों के लिए बूटीबाई अग्रवाल सेयर सेकेंडरी स्कूल और बूटीबाई अग्रवाल सभागार, जवाहर नगर में ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। महिला धावकों के लिए शासकीय वेंकट उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के छात्रावास में आवास की सुविधा रहेगी। आयोजन स्थल पर पंडाल और मंच सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अतिथियों की मौजूदगी में होगा शुभारंभ

आयोजकों के अनुसार, रविवार सुबह छह बजे वरिष्ठ अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया जाएगा। आयोजन में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह और महापौर योगेश कुमार ताम्राकार की विशेष उपस्थिति प्रस्तावित है। दौड़ से पहले एकंर अनुप्रिया सिन्हा द्वारा जुम्बा और वार्म-अप गतिविधियां भी कराई जाएंगी।

टीवी चैनलों पर लाइव प्रसारण, ड्रोन से पुष्पवर्षा

सतना हाफ मैराथन को व्यापक पहचान दिलाने के लिए एसडी संगम, सुदर्शन, डिजियाना और नेशनल दर्पण सहित विभिन्न चैनलों पर सीधे प्रसारण की तैयारी है। मैराथन मार्ग पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की भी योजना बनाई गई है। आयोजन के जरिए विंध्य और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक पहचान, खेल भावना, महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

सतना हाफ मैराथन सप्तम संस्करण में होंगे शामिल डा. राकेश मिश्र

सतना (नेजा)। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं इंडियन मेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र आनंद विहार रीवा सुपर फास्ट एक्सप्रेस से आज नगर आगमन होगा। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि रेस टाइमिंग, तकनीक संचालन और वीप कार्ड के विशेषज्ञ टीम के 15 सदस्यों का सतना रेलवे स्टेशन मे खेल प्रेमियों ,स्वयंसेवकों सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि सेवा न्यास की प्रेरणा स्रोत परम पूज्य श्रीमती शांति मिश्रा बाई की जनशताब्दी के अवसर पर आयोजित सतना हाफ मैराथन में महिलाओं के लिए निशुल्क पंजीयन के माध्यम से पूरे देश से लगभग 5000 प्रतिभागी 22 राज्यों के धावाकों ने अपना पंजीयन करवाया है समस्त खेल प्रेमियों से आग्रह है कि 25 अक्टूबर को प्रात: 6:00 बजे शासकीय वेंकट क्रमांक एक खेल परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

प्रकाशक

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

www.gpmsevanyas.org **gpmsevanyas** **gpmsnyas**

ई-मेल:gpmsnyas@gmail.com